# प्रादर्श प्रश्न पत्र 2013–14
## विषय – भूगोल (Geography)
## कक्षा – बारहवीं
## सेट–सी

**समय– 3 घंटे** **पूर्णांक– 75**

**Time- 3 Hours** **Maximum Mark – 75**

**निर्देश–**

i. सभी प्रश्न अनिवार्य है।
ii. प्रश्न पत्र में दिये गये निर्देश सावधानी पूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।
iii. प्रश्न क्र. 1 से 4 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न है जिनके अन्तर्गत सही विकल्प का चयन, सही जोड़ी बनाना, रिक्त स्थानों की पूर्ति, एवं एक वाक्य में उत्तर प्रकार के प्रश्न दिये गये है। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है। 1 x 5, 5 x 4 = 20 अंक
iv. प्रश्न क्रमांक 5 से 18 तक में आन्तरिक विकल्प दिये गये है।
v. प्रश्न क्रमांक 5 से 8 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है।
vi. प्रश्न क्रमांक 9 से 13 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक एवं प्रश्नों के उत्तर लगभग 75 शब्दों में लिखना है।
vii. प्रश्न क्रमांक 14 से 16 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक एवं प्रश्नों के उत्तर लगभग 120 शब्दों में लिखना है।
viii. प्रश्न क्रमांक 17 से 18 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 6 अंक एवं उत्तर लगभग 150 शब्दों में लिखना है।

**Instructions –**

i. All questions are compulsory.
ii. Read the instructions of the question paper carefully and answer the questions.
iii. Q. No. 1 to 4 are objective type which include - choose the correct answers, match the column, Fill up the blanks and one sentence answer. Each question is allotted 5 marks. 1 x 5, 5 x 4 = 20 Marks.
iv. Internal options are given in Q. No. 5 to 18.
v. Q. No. 5 to 8 are assigned 2 marks each.
vi. Q. No. 9 to 13 carry 4 marks each and answer should be given in about 75 words.
vii. Q. No. 14 to 16 carry 5 marks each and answer should be given in about 120 words.
viii. Q. No. 17 to 18 carries 6 marks and answer should be given in about 150 words.

प्रश्न 1. सही विकल्प चुनकर लिखिए।

(अ) औद्योगिक नगर है –

(i) भिलाई (ii) उज्जैन

(iii) भोपाल (iv) महू।

(ब) आखेट संग्रहण एवं मत्स्य ग्रहण कौन सा व्यवसाय है –

(i) प्राथमिक व्यवसाय (ii) द्वितीयक व्यवसाय

(iii) तृतीयक व्यवसाय (iv) चतुर्थक व्यवसाय

(स) भारत में सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाला राज्य है –

(i) मध्यप्रदेश (ii) बिहार

(iii) केरल (iv) पश्चिम बंगाल

(द) भारत का प्रथम संचार उपग्रह कौन सा है –

(i) कॉसमास (ii) आर्यभ्टट

(iii) एस.एल.वी.–3 (iv) एप्पल

(इ) मृदा संरक्षण का उपाय नहीं है –

(i) वृक्षारोपण (ii) बाढ़ पर नियंत्रण

(iii) मेढ़बंदी (iv) बम विस्फोट

Choose correct option -

(a) Industrial town is -

(i) Bhilai (ii) Ujjain

(iii) Bhopal (iv) Mahu

(b) What is Hunting and fishing -

(i) Primary Activity (ii) Second Activity

(iii) Third Activity (iv) Fourth Activity

(c) Which state of India has the highest density of population

(i) Madhya Pradesh (ii) Bihar

(iii) Kerala (iv) West Bengal

(d) Which among the following is first communication satellite of India-

(i) Cosmos (ii) Ary Bhatt

(iii) S.L.V.-3 (iv) Apple

(e) The way of soil conservation not is -

(i) Tree plantation (ii) Flood control

(iii) Building Barricades (iv) Bomb explosion

प्रश्न 2. स्तंभ ' अ' के लिए स्तंभ 'ब' से चुनकर सही जोड़ियां बनाइए –

| | **अ** | **–** | **ब** |
|---|---|---|---|
| (अ) | मध्य रेलवे | – | अहमदाबाद |
| (ब) | पूर्वी रेलवे | – | केरल |
| (स) | यूरेनियम | – | मुम्बई |
| (द) | चांवल | – | कोलकत्ता |
| (इ) | भारत का मानचेस्टर | – | पं. बंगाल |

Match the correct pair for column 'A' choosing from column 'B'.

| | A | - | B |
|---|---|---|---|
| (a) | Central Railway | - | Ahmedabad |
| (b) | East Railway | - | Keral |
| (c) | Uranium | - | Mumbai |
| (d) | Rice | - | Kolkata |
| (e) | Man chester of India | - | West Bengal |

प्रश्न 3. निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

1. भारत में दिल्ली....................नगर है।
2. विश्व का सबसे उंचा रेलमार्ग...................रेलमार्ग है।
3. भारत प्रजातियों का ...................है।
4. भारत में विविधता में......................है।
5. भारतीय वन अनुसंधान संस्थान....................में स्थित है।

Fill in the blanks.

1. Delhi is..............city of India.

2. World's highest rail route is.........rail route.
3. India is a ....................of different species.
4. There is...............in diversity in India.
5. Indian forest research institute is situated in................

प्रश्न 3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए।

1. एन्थ्रोपोज्योग्राफी की रचना किसने की है?
2. ज्वालामुखी की राख से कौन सी मिट्टी बनती है।
3. शेरशाह सूरी ने कोलकाता से पेशावर तक किस सड़क का निर्माण करवाया?
4. जनसंख्या की दृष्टि से भारत का विश्व में कौन सा स्थान है?
5. मलिन बस्ती किसे कहते है?

Answer in one sentence.

1. Write the name of the writer "Anthropo-Geography."
2. Which Soil is made from ash of Volcano?
3. Give the name of road which was constructed by Shershah Suri from Colkata to Peshawer.
4. Which place in population India has in the world?
5. What is the dirty settlement?

प्रश्न 5. मानव भूगोल क्या है?
What is Human Geography?

अथवा
Or

मानव भूगोल का विषय क्षेत्र बताइये।
Describe the subject matter of Human Geography.

प्रश्न 6. ग्रामीण बस्तियों की कोई दो विशेषताएं लिखिए।
Write any two characteristics of Rural colonies.

अथवा

Or

पुरवा तथा गांव में अंतर बताइये।

Differentiate Poorva and Village.

प्रश्न 7. भारत में नगरीकरण के दो महत्वपूर्ण कारण लिखिए।

Write any two main reasons for the urbanisation in India.

अथवा

Or

भारत में ग्रामीण बस्तियों के प्रतिरूपों के नाम लिखिए।

Write various Forms of Humans settlement in India.

प्रश्न 8. पर्यावरण प्रदूषण किसे कहते है?
What is environment pollution?

अथवा

Or

भारत में गंदी बस्तियों की कोई प्रमुख दो समस्याओं को लिखिए।

Write any two main problems of slum areas in India.

प्रश्न 9. जनसंख्या के घनत्व को प्रभावित करने वाले कारको का वर्णन कीजिए।

Describe the Factors Affecting the Density of Population.

अथवा

Or

जनसंख्या की तीव्र वृद्धि का आर्थिक विकास पर क्या प्रभाव पड़ता है?

What is effect on Economic Development of Rapid Growth of Population?

प्रश्न 10. कृत्रिम उपग्रहों से कौन–कौन सी सेवाएं प्राप्त होती है?
Which services are received from artificial satellite.

अथवा

Or

व्यावसायिक कृषि क्या है? इसकी कोई चार विशेषताएं लिखिए।

What is Commercial agriculture? Write its any four characteristics also.

प्रश्न 11. ट्रांस साइबेरियन रेलमार्ग को साइबेरिया की जीवन रेखा क्यों कहा जाता है?

Why the Trans Siberiyan Railway is called the life line of Siberiya?

अथवा

Or

स्वेज नहर एवं पनामा नहर में चार प्रमुख अंतर लिखिए।

Write any four differences between the Suze and Panama Canals.

प्रश्न 12. भारत में जनसंख्या वृद्धि के चार प्रमुख कारण लिखिए।

Write four main features for the Population growth the India.

अथवा

Or

भारत में जनसंख्या वृद्धि रोकने के चार उपाय लिखिए।

Write four main checks for the control of population in India.

प्रश्न 13. भारत का रूर किस औद्योगिक क्षेत्र को कहते है और क्यो?

Which Industrial area is called Rur of India and why?

अथवा

Or

भिलाई–इस्पात–संयंत्र के स्थानीयकरण के कारणों की व्याख्या कीजिए।

Comment on the factors responsible for localization of Bhilai-Steel-Plant.

प्रश्न 14. भारत में सूती वस्त्र उद्योग का केन्द्रीयकरण किस क्षेत्र में हुआ है और क्यों?

In India which areas the cotton cloth industries are cerctralized and why?

अथवा

Or

क्या कारण है कि महाराष्ट्र राज्य में सूती वस्त्र उद्योग का केन्द्रीयकरण है?

Write the main features for the centralized of cotton cloth industries in Maharashtra State?

प्रश्न 15. दिये गये विश्व के मानचित्र में निम्नलिखित दर्शाये –

1. भूमध्य सागर
2. पनामा नहर
3. अमेजन नदी
4. अरब सागर
5. केनेडियन पेसीफिक रेलमार्ग

State the following in the outline map of the world –

1. The mediterrian Sea
2. Panama Canal
3. River Amezan
4. Arabian Ocean
5. Canadian pacific Railway

अथवा

Or

दिये गये विश्व के मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइये।

1. बंगाल की खाड़ी
2. मुम्बई बन्दरगाह
3. कांगो नदी
4. ट्रांस साइबेरियन रेलमार्ग
5. सिंगापुर

Show the following in outline map of the world.

1. The bay of Bengal

2. Mumbai Sea Port
3. River Kango
4. Trans Siberian Railway
5. Singapore

प्रश्न 16. भारतीय कृषि की प्रमुख पांच समस्याएं बताइए।

Describe five main problems for the Indian Agriculture.

अथवा

Or

भारत में चावल की कृषि हेतु आवश्यक भौगोलिक दशाएं तथा उत्पादक क्षेत्र बताइये?

Describe the main geographical features for the Rice write productive areas in India.

प्रश्न 17. भारत में जल संसाधन के संरक्षण हेतु कोई छः उपाय लिखिए।

Write any six solutions for the conservation of water resource in India.

अथवा

Or

भारत में वनों का महत्व सविस्तार लिखिए। (कोई छः बिन्दु)

Describe the Importance of forests in India in detail. (Any six points)

प्रश्न 18. इंटरनेट आधुनिक युग का सबसे बड़ा अविष्कार है। समझाइये।

Internet is the best invention of the Modern World. Explain it.

अथवा

Or

भारत में विदेशी व्यापार की प्रमुख छः विशेषताएं लिखिए।
Write the main five features of India's International trade.

_ _ _ _ _ _

<u>आदर्श उत्तर</u>

## विषय – भूगोल (Geography)

## कक्षा – बारहवीं

**वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर –**

उत्तर 1. सही विकल्प –

(i) भिलाई

(ii) प्राथमिक व्यवसाय

(iii) पश्चिम बंगाल

(iv) आर्य भट्ट

(v) बम विस्फोट

**5 सही हल करने पर 5 अंक प्राप्त होंगे। 1+1+1+1+1=5**

उत्तर 2. सही जोडियां –

| | अ | – | ब |
|---|---|---|---|
| (अ) | मध्य रेलवे | – | मुम्बई |
| (ब) | पूर्वी रेलवे | – | कोलकत्ता |
| (स) | यूरेनियम | – | केरल |
| (द) | चांवल | – | पं. बंगाल |
| (इ) | भारत का मानचेस्टर | – | अहमदाबाद |

**5 सही हल करने पर 5 अंक प्राप्त होंगे। 1+1+1+1+1=5**

उत्तर 3. रिक्त स्थान –

(i) प्रशासनिक नगर।

(ii) ट्रांस इंडियन रेलमार्ग।

(iii) अजायबघर।

(iv) एकता।

(v) देहरादून।

**5 सही हल करने पर 5 अंक प्राप्त होंगे। 1+1+1+1+1=5**

उत्तर 4. एक वाक्य में उत्तर –

1. एन्थ्रोपोज्योग्राफी की रचना रेटजेल ने की।
2. ज्वालामुखी की राख से काली मिट्टी बनती है।
3. शेरशाह सूरी ने कोलकाता से पेशावर तक ग्रांड ट्रंक रोड का निर्माण करवाया।
4. जनसंख्या की दृष्टि से भारत का विश्व में दूसरा स्थान है।
5. मलिन बसती से अभिप्राय एक घने बसे आवासीय क्षेत्र से है जिसमें अस्वच्छ घरो में कमजोर वर्ग के लोग रहते है।

**5 सही हल करने पर 5 अंक प्राप्त होंगे। 1+1+1+1+1=5**

उत्तर 5. मानव भूगोल में दृश्य सर्वत्र वातावरण से संबंद्ध है जो भौतिक दशाओं का योग होता है। मानव भूगोल में क्रियाशील मानव एवं अस्थायी परिवर्तनशील संबंध का अध्ययन होता है अतः कहा जा सकता है कि मानव भूगोल प्राथमिक रूप से मानव पारिस्थितिकी तथा मानव समाज का पृथ्वी के संबंध में अध्ययन करता है।

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर 2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

मानव भूगोल के कार्य क्षेत्र या विषय क्षेत्र के मुख्य रूप से तीन भाग हो जाते है।

1. प्राकृतिक वातावरण के तत्व – जड़ तत्व, चेतना तत्व को अध्ययन क्षेत्र में सम्मिलित किया जाता है।
2. सांस्कृतिक वातावरण के तत्व – विन्यास रूप, चल रूप तथा क्रियारूप ये सभी मानव भूगोल के अध्ययन में है।

3. वातावरण समायोजन का अध्ययन – मनुष्य ने स्वयं को प्राकृतिक वातावरण की भिन्नताओं से किस प्रकार अपने को समायोजित किया है।
इसका अध्ययन किया जाता है।

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर 2 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 6. ग्रामीण बस्तियों में घास–फूंस की बनी हुई झोपड़ियां, कच्ची मिट्टी, खपरेल, लकड़ी आदि से निर्मित मकान होते है। इसमें अधिकत्तर कृषक वर्ग निवास करते है। लकड़ी काटने, खान खोदने, शिकारी पर्वतीय भागों में रहने वाली जातियों के मकान ग्रामीण बस्तियों में आते है। इन बस्तियों का आकार छोटा होता है। मकान खुला हुआ एक मंजिला होता है। जो पर्यावरण प्रदूषण रहित होता है।

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर 2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

गांव में मकान के दो भाग होते है एक भाग में परिवार के सदस्य तथा दूसरे भाग में पशुओं के लिए रखा जाता है। गांव के मकान नियोजित ढंग से नहीं बनाए जाते बल्कि भूमि की उपलब्धता पर बनाए जाते है। इनका सीधा संबंध भूमि से होता है।

गांव के मुख्य भाग में जब सघन बसाव हो जाता है तो कुछ लोग मुख्य बस्ती के समीप खेतों में मकान बनाकर रहने लगते है। कुछ गांव के बाहर थोड़ी ही दूरी पर दो या अधिक छोटे–छोटे पुरवे होते है। इसमं एक जाति विशेष गांव के बाहर पुरवों में रहती है। उपरोक्तानुसार गांव एवं पुरवों में अंतर होता है।

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर 2 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 7.

1. भारत में नगरों की परम्परा बहुत पुरानी है। भारत के नगरों में मानव श्रम शक्ति आवश्यकता से अधिक है जो कि निकट भविष्य में औद्योगिकरण की आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकती है।
2. नगरीय आबादी में वृद्धि का कारण नगरीय आर्कषण तो है ही साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों से विकर्षण तथा बाहरी प्रवास भी है।

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर 2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

ग्रामीण बस्तियों के निम्नलिखित प्रतिरूप है –

1. चौकापट्टी प्रतिरूप।
2. रेखीय प्रतिरूप।
3. अरीय प्रतिरूप।
4. तारक प्रतिरूप।
5. वृत्तीय प्रतिरूप।
6. त्रिभुजाकार प्रतिरूप।
7. तीरनुमा प्रतिरूप।
8. सीढ़ीनुमा प्रतिरूप।
9. पंखानुमा प्रतिरूप।

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर 2 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 8. पर्यावरण भौतिक, सामाजिक और जैविक तत्वों की समग्रता है जो मानवीय और प्राकृतिक तत्वों को घेरे हुए है। प्रदूषण का अर्थ है गन्दा करना। साधारण शब्दों में प्रदूषण भूमि वायु और जल के भौतिक रासायनिक तथा जैविक लक्षणों में

अनचाहे परिवर्तन से है जो मानव तथा अन्य जीवों पर प्रभाव डालता है। भारत में पर्यावरण प्रदूषण बहुत बड़े पैमाने पर है।

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर 2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

भारतीय नगरों में मलिन बस्तियां बहुत  है। ये मलिन बस्तियां हामरी सभ्यता और मानव जीवन की गुणवत्ता पर बहुत बड़ा धब्बा है।

1. इन बस्तियों के भवन मानव निवास के लिए सर्वथा अनपयुक्त होते है।
2. भवनों में जीर्ण–शीर्ण स्थिति अत्यधिक भीड़–भाड़, गलियों की दोषपूर्ण व्यवस्था, वायु संचार की कमी अपर्याप्त रोशनी, शोचालय सुविधा का अभाव, स्वच्छ पेय जल की कमी रहती है। इसमें दूसरे घटक जो सुरक्षा, स्वास्थ्य और नैतिकता के लिए हानिकारक होते है ऐसे लोगों का इनमें निवास रहता है।

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर 2 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 9. जनसंख्या घनत्व को प्रभावित करने वाले कारक निम्नानुसार है :–

1. **धरातलीय रचना या उच्चावच्च :–** समतल मैदानी भूभाग प्रायः पठारीय तथा पर्वतीय क्षेत्रों की अपेक्षा घने बसे होते है क्योंकि यहां उत्तम जलवायु कृषि की सुविधाएं, परिवहन सुविधाएं आदि अधिक सुविकसित होती है।
2. **जलवायु :–** जनसंख्या वितरण को प्रभावित करने वाला दूसरा सबसे महत्वपूर्ण कारक है। मानव विकास के लिए समशीतोष्ण जलवायु स्वास्थ्यप्रद मानी जाती है। इसी कारण विश्व के सघनतम आबाद क्षेत्र इसी जलवायु में स्थित है। जैसे– यूरोप महाद्वीप।
3. **मिट्टी की उर्वरता :–** उपजाऊ मिट्टी से मनुष्य को भोजन, वस्त्र, आवास आदि की सुविधाएं प्रचुर मात्रा में उपलब्ध होती है। इसी कारण विश्व के

सघनतम जनसंख्या के क्षेत्र जैसे– गंगा ब्रम्हपुत्र मैदान, चीन की ह्वांगहों एवं यांगटीसीक्यांग का मैदानी क्षेत्र इसी कारण सघनतम जनसंख्या के क्षेत्र है।

4. **जलापूर्ति :–** वनस्पति एवं प्राणी जगत के लिए जल अनिवार्य आवश्यकता है। जल के स्त्रोत की स्थाई उपलब्धता सघन जनसंख्या के क्षेत्र बन जाते है।
5. **खनिज पदार्थ :–** खनिज पदार्थों की उपलब्धता जनसंख्या घनत्व को बढ़ाती है।
6. **परिवहन के साधनों की प्रचुरता :–** रेल, सड़क परिवहन के साधनों की प्रचुरता होने पर भी जनसंख्या घनत्व में वृद्धि होती है।
7. **औद्योगिक विकास :–** जिन क्षेत्रों में औद्योगिक विकास अधिक हो जाता है वे भी जनसंख्या घनत्व को वृद्धि में योगदान करते है।

**उपरोक्त से किन्ही 4 बिन्दु लिखकर संक्षिप्त वर्णन पर 4 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

जनसंख्या की तीव्र वृद्धि का आर्थिक विकास पर विपरीत प्रभाव स्पष्टतः दिखाई देता है यह निम्न बिन्दुओं से स्पष्ट होता है :–

1. **देश की विकास दर का कम होना :–** किसी भी राष्ट्र की अधिक जनसंख्या वृद्धि दर उस राष्ट्र की विकास दर को न्यून कर देती है। भारत व जापान की तुलना से यह तथ्य स्वतः स्पष्ट हो जाता है।
2. **मूल्यवृद्धि (मंहगाई बढ़ना) :–** अधिक जनसंख्या को जीवन के हर क्षेत्र में खाद्यान्न से लेकर पेट्रोलियम तक प्रत्येक संसाधन की आपूर्ति अधिकाधिक करनी होती है जिससे मूल्य वृद्धि स्पष्टतः राष्ट्र में दिखाई देती है।
3. **प्रति व्यक्ति आय में कमी :–** राष्ट्रीय बजट में जनसंख्या की अधिकता से प्रति व्यक्ति आय उसी अनुपात में घट जाती है।

4. **निर्धनता (बी.पी.एल. कार्डधारी) में वृद्धि :–** जनसंख्या वृद्धि से आर्थिक असमानता अपने रौद्र रूप में दिखाई देती है। समाज की विषमता स्पष्टतः फटी चादर की भांति दिखाई देती है।
5. **सामाजिक असंतोष में वृद्धि :–** राष्ट्र के जनमानस में सामाजिक असंतोष में वृद्धि दिखाई देती है।
6. **बेरोजगारी में वृद्धि :–** जनसंख्या वृद्धि से राष्ट्र में बेरोजगारी में अप्रत्याशित वृद्धि देखी जाती है।
7. **उपयोगी वस्तुओं का अभाव :–** राष्ट्र में कई बार विपरीत समय पर उपयोगी वस्तुओं की उपलब्धता का संकट बनकर मुनाफाखोर मजबूरी का फायदा उठाने से नहीं चूकते।

**उपरोक्त से किन्ही 4 बिन्दु लिखकर संक्षिप्त वर्णन पर 4 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 10. कृत्रिम उपग्रहों से –

1. उपग्रह संचार के द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर टेलीफोन सेवा, रेडियो और टेलीविजन मौसम विज्ञान एवं दूर संचार सेवा, विविध राष्ट्रीय एवं बेतार प्रसारण अन्तर्राष्ट्रीय संपर्क सूत्र, यातायात नियंत्रण सुविधा एवं अन्य सेवाओं की सुविधा प्राप्त होती है।
2. दूर दराज के दुर्गम एवं निर्जन क्षेत्रों को वायरलैस एवं माइक्रोवेव व्यवस्था को उपग्रह संचार से जो शीघ्र सारे देश से जोड़ा जा सकता है।
3. मौसम संबंधी जानकारी चित्रों के माध्यम से प्राप्त की जाती है।
4. देश के विभिन्न स्त्रोतों, संसाधनों, भू–विज्ञान, वन, खनिज आदि की विशेषज्ञ बैंड़ फोटोग्राफी द्वारा कम्प्यूटर विधि से जानकारी सही–सही निरंतर प्राप्त की जा सकती है।

**उपरोक्तानुसार बिन्दु पर कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

व्यवसायिक कृषि को मुद्रादायनी कृषि भी कहते है क्योंकि इस कृषि में ऐसी फसलों का उत्पादन किया जाता है जो व्यापारिक दृष्टि से लाभदायक होती है तथा नगद लाभ प्राप्त होता है। इस कृषि में अधिक श्रम, अधिक पूंजी, वैज्ञानिक विधियों, उवर्रकों व औषधियों के साथ मशीनों का भरपूर प्रयोग होता है।

1. कृषक फसल का उत्पादन व्यापार के लिये करता है। क्योंकि यह वैज्ञानिक पद्धति से आधुनिकतम कृषि प्रणाली है।
2. इस पद्धति में फसल एवं पशुओं का विशिष्टीकरण हो जाता है।
3. इस कृषि पर अन्तर्राष्ट्रीय बाजार का विशेष प्रभाव पड़ता है।
4. इसमें सभी प्रकार की उत्तम खाद, उर्वरकों, औषधियों तथा मशीनों आदि का प्रयोग किया जाता है इस प्रकार की कृषि उन्नत देशों में की जाती है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 11. ट्रांस साइबेरियन रेलमार्ग को साइबेरिया की जीवन रेखा निम्न आधार पर कहा जाता है:–

1. यह विश्व का सबसे लम्बा रेलमार्ग है। यह सेंटपीटर्सबर्ग (लेनिन ग्राड पश्चिम) से ब्लाडीवोस्टक (पूर्व) तक जाता है। इसकी कुल लम्बाई 9332 कि.मी. है।
2. यह साईबेरिया को रूस के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र यूराल से जोड़ता है।
3. इसके द्वारा ब्रांच लाइनों तथा मार्ग के स्टेशनों से नौका वहन योग्य नदी मार्गों के लिये भी सामान लाया जाता है।
4. यूराल क्षेत्र से धातु, मशीनरी एवं लकड़ी का परिवहन किया जाता है।
5. साईबेरिया से पश्चिम की ओर खाद्यान्नों का परिवहन होता है।
6. साइबेरिया क्षेत्र की इसी रेलमार्ग के कारण आधुनिक वैज्ञानिक उपलब्धियों का लाभ उठाने का सुअवसर प्राप्त हुआ है।

**उपरोक्त से किन्ही 4 बिन्दु पर 4 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

स्वेज नहर और पनामा नहर में अंतर –

| क्र. | स्वेज नहर | पनामा नहर |
|---|---|---|
| 1 | यह नहर भूमध्य सागर एवं लाल सागर को जोड़ती है। | यह नहर अटलांटिक महासागर एवं प्रशान्त महासागर को जोड़ती है। |
| 2 | इस नहर पर संयुक्त अरब गणराज्य का अधिकार है। | इस पर संयुक्त राज्य अमेरिका का अधिकार है। |
| 3 | इसकी लम्बाई 165 कि.मी. और चौड़ाई 65 मीटर तथा गहराई 11 मीटर है। | इसकी लम्बाई 80 कि.मी. और चौड़ाई 90 मीटर तथा गहराई 12 मीटर है। |
| 4 | यह नहर मैदानी भाग में होने से कम लागत में बनी है। | यह नहर पठारी भाग पर बनी है अतः लागत अधिक आई है। |
| 5 | यह सघन जनसंख्या वाले क्षेत्रों के निकट बनी है। (एशिया, यूरोप अफ्रीका महाद्वीप) | यह कम आबादी वाले क्षेत्र के बीच स्थित है। (मध्य अमेरिका, दक्षिण अमेरिका महाद्वीप) |
| 6 | जहाजों को यात्री एवं माल पर्याप्त मात्रा में मिलता है। | यात्री एवं माल कम मात्रा में मिलता है। |
| 7 | इस नहर की चुंगी अधिक है। | इस नहर की चुंगी कम है। |

**उपरोक्त से किन्ही 4 अंतर पर 4 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 12. भारत में जनसंख्या वृद्धि के प्रमुख कारण है –

1. **मृत्युदर में कमी होना :–** स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के कारण मृत्युदर न्यून हो गई है।

2. **उच्च जन्मदर का होना :–** भारत में अभी भी कई राज्यों में ऊंची जन्मदर पाई जाती है।
3. **जीवन अवधि में वृद्धि :–** चिकित्सा उपायों में जीवन प्रत्याशा आयु देश में बढ़ गई है।
4. **शिशु मृत्यु दर में कमी :–** स्वास्थ्य चिकित्सा के उन्नत साधनों से शिशु मृत्यु दर कम हो गई है।
5. **बाल विवाह :–** भारत में कई राज्यों में ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी बाल विवाह का प्रचलन पाया जाता है।
6. **अशिक्षा :–** भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी साक्षरता की दर अधिक नहीं बढ़ पाई है।
7. **भाग्यवादिता व निर्धनता :–** निर्धनता से पीड़ित ग्रामीणजन संतानों को ईश्वर की देन मानते है। परिवार में पुत्र प्राप्ति की चाह होना।
8. **प्रवास :–** रोजगार व शिक्षा प्राप्ति हेतु भारत में प्रवास की अधिकता पाई जाती है।

**उपरोक्त से किन्ही 4 बिन्दु पर 4 अंक प्राप्त होंगे। केवल बिन्दु पर 2 अंक तथा संक्षिप्त पर 2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

भारत में जनसंख्या वृद्धि को रोकने के निम्नलिखित उपाय है :–

1. **शिक्षा के प्रसार द्वारा :–** ग्रामीण लोगों में शिक्षा का प्रचार–प्रसार किया जाकर अन्धविश्वास एवं अज्ञानता दूर कर जनसंख्या वृद्धि पर नियंत्रण किया जा सकता है।
2. **विवाह की आयु में वृद्धि :–** बाल विवाह पर पूर्ण रूप से नियंत्रण किया जाना चाहिए।
3. **परिवार कल्याण :–** इस कार्यक्रम को तीव्रता से लागू किया जाना चाहिए।

4. **स्त्री शिक्षा का प्रसार :–** स्त्री शिक्षा का प्रसार करने पर वे स्वयं छोटे परिवार के महत्व को समझेगी और बढ़े परिवार का विरोध करेगी। परिणाम स्वरूप जनसंख्या वृद्धि की दर में कमी आयेगी।

**उपरोक्तानुसार अन्य बिन्दुओं के विस्तार से लिखने पर 4 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 13. छोटा नागपुर औद्योगिक क्षेत्र को भारत का रूर कहते है, क्योंकि यहां लोहा अयस्क कोयला आदि खनिज पदार्थों के विपुल भंडार पास–पास पाए जाते है।

दूसरी ओर बिहार, उड़ीसा क्षेत्र में लोहे इस्पात, रेल्वे इंजन, धातु शोधक, कागज, चीनी, मिट्टी उर्वरक, मोटर गाड़ी, इंजीनियरिंग सीमेंट, रसायन, टिन प्लेट आदि के कारखाने स्थापित हुए जिनके प्रमुख केन्द्र जमशेदपुर राउरकेला, दुर्गापुर बोकारो आसन सोल कुल्टी, चितरंजन आदि है तो छोटा नागपुर का पठार क्षेत्र में उद्योगों का विस्तार तीव्र गति से हुआ है।

**उपरोक्तानुसार विस्तार से लिखने पर कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

भिलाई में–

1. लोह–अयस्क–दल्ली राजहरा से।
2. कोयला– कोरबा से।
3. मैगनीज– बालाघाट भंडारा से।
4. डोलोमाइट– हिरी बिलासपुर से।
5. चूने का पत्थर–रायपुर दुर्ग बिलासपुर से।
6. तांदूला जलाशय से जल की पूर्ति
7. विद्युत शक्ति कोरवा से प्राप्त हो जाती है। ये सभी स्थान 200 कि.मी. की परिधि में है। यातायात एवं परिवहन के साधन के रूप में यह रेलमार्गों द्वारा कोलकाता, बम्बई, आदि शहरों से जुड़ा है बंदरगाह सुविधा कोलकाता तथा

बम्बई से है। लोहा का उत्पादन अन्य वस्तुओं के निर्माण में सहायक होता है।

**उपरोक्तानुसार विस्तार से लिखने पर कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 14. भारत में सूती वस्त्र उद्योग के दो बड़े केन्द्र विकसित हुए है –

1. मुम्बई क्षेत्र।
2. अहमदाबाद क्षेत्र।

**1. मुम्बई क्षेत्र में केन्द्रीयकरण के कारक :–**

1. आर्द्र सागरीय तटवर्ती जलवायु पाई जाती है।
2. कच्चे माल की पूर्ति के लिए कपास उत्पादन क्षेत्र की निकटता।
3. कपास व मशीनरी आयात करने एवं निर्मित माल निर्यात करने की उत्तम बंदरगाह की सुविधा।
4. पश्चिमी घाट से सस्ती जल विद्युत की आपूर्ति।
5. रसायन उद्योगों की निकटता।
6. परिवहन की समस्त सुविधाएं।

**2. अहमदाबाद क्षेत्र में सूती वस्त उद्योग के केन्द्रीयकरण के कारक :–**

1. यह क्षेत्र कपास का प्रमुख उत्पादक क्षेत्र है।
2. मुम्बई क्षेत्र में प्रायद्वीप भारत या विदेशों से कपास आयात करनी पड़ती है।
3. मुम्बई सघन औद्योगिक केन्द्र है वहां और अधिक इस उद्योग की संभावना नहीं इसलिए इस क्षेत्र में संभावनाएं पाई जाती है।
4. अहमदाबाद साबरमती मैदान की निकटता के कारण उत्तम बाजार प्रदान करता है।
5. शक्ति के साधन के रूप में सस्ती जल विद्युत उपलब्ध।
6. कांडला बंदरगाह की निकटता से निर्यात की सुविधा।

7. परिवहन के श्रेष्ठ साधन उपलब्ध हैं।

**उपरोक्त से किन्ही 5 बिन्दु लिखकर संक्षिप्त वर्णन पर 5 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

महाराष्ट्र राज्य में मुम्बई क्षेत्र एकमात्र क्षेत्र है जहां सूती वस्त्र का केन्द्रीयकरण बड़े पैमाने पर हुआ है। मुम्बई क्षेत्र में सूती वस्त्र उद्योग के केन्द्रीयकरण के निम्नलिखित कारण है :—

1. यहां आर्द्र सागर तटीय जलवायु पाई जाती है जो कि इस उद्योग हेतु सर्वोत्तम जलवायु है।
2. कच्चे माल की आपूर्ति हेतु कपास क्षेत्र की निकटता पाई जाती है।
3. कपास आयात या निर्मित माल निर्यात करने हेतु मुम्बई जैसा आदर्श बंदरगाह उपलब्ध है।
4. मुम्बई का पृष्ठ प्रदेश अत्यंत विकसित होने से बाजार की निकटता का विशाल क्षेत्र उपलब्ध।
5. पश्चिमी घाट से सस्ती जल विद्युत उपलब्ध है।
6. रसायन उद्योग जो वस्त्र उद्योग की मुख्य आवश्यकता है बड़ी मात्रा में स्थानीय बाजार में उपलब्ध।
7. मुम्बई देश का प्रथम विराट नगर है। अत्यधिक जनसंख्या से कुशल श्रमिक बड़ी मात्रा में उपलब्ध पाए जाते है।
8. पूंजी एवं बैंकिंग सुविधा पर्याप्त उपलब्ध।
9. प्रत्येक प्रकार के परिवहन की सर्वोत्तम व्यवस्था।
10. उच्च तकनीक व मशीनें आयात करने की आदर्श स्थिति।

**उपरोक्त से किन्ही 5 बिन्दु लिखकर संक्षिप्त वर्णन पर 5 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 15.

चित्र

अथवा

चित्र

उत्तर 16. भारतीय कृषि की प्रमुख समस्याएं –

1. प्रति व्यक्ति भूमि की कम उपलब्धता।
2. भूमि का असमान वितरण।
3. फसलों की उत्पादकता का कम होना।
4. वर्षा की अनिश्चिता।
5. सिंचाई के साधन की कमी।
6. जोत का छोटा आकार।
7. किसानों की गरीबी व अशिक्षा।
8. सड़कों व बिजली का अभाव।
9. अन्य समस्याएं

**उपरोक्त से किन्ही 5 बिन्दु लिखकर संक्षिप्त वर्णन पर 5 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

चावल की कृषि हेतु आवश्यक भौगोलिक दशाएं –

1. तापमान – बोते समय $20^0C$ पकते समय $27^0C$ ।
2. वर्षा – 100–200 से.मी.।
3. मिट्‌टी – चिकनी, कछारी एवं दोमट आदि।
4. सस्ते श्रमिक।
5. जलवायु। उष्ण आर्द्र जलवायु श्रेष्ठ है।

**उत्पादन क्षेत्र–**

भारत, पश्चिम बंगाल, पंजाब, उड़ीसा, तमिलनाडु, बिहार, छत्तीसगढ़ आदि।

**उपरोक्त से किन्ही 5 बिन्दु लिखकर संक्षिप्त वर्णन पर 5 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 17. जल संसाधन के संरक्षण हेतु उपाय :–

1. जलाशयों में जल का भण्डारण किया जाए।
2. भूमि पर वृक्षारोपण किया जाए।
3. जल का पुनर्वितरण किया जाए।
4. जल प्रदूषण को रोकने के उपाय किये जाए।
5. कृत्रिम नहरों, तालाबों का निर्माण किया जाए।
6. जल संसाधन का विवेकपूर्ण उपयोग।
7. आधुनिक सिंचाई पद्धति का प्रयोग।
8. जल शुद्धिकरण एवं जन जागरूकता।

**उपरोक्त से किन्ही 6 बिन्दु लिखकर संक्षिप्त वर्णन पर 6 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

वनों का महत्व :– पर्यावरण की दृष्टि से वनों का विशेष महत्व है।

1. रोजगार की प्राप्ति।
2. भारतीय अर्थव्यवस्था में आय का प्रमुख स्त्रोत है।
3. वनों से प्राप्त कच्चे माल से उद्योग चलते हैं।
4. वन वर्षा में सहायक होते है, मृदा अपरदन को रोकते है।

5. वन प्राकृतिक सौन्दर्य में वृद्धि करते है।
6. वन वन्य जीव जन्तुओं, प्राकृतिक संरक्षण एवं आवास उपलब्ध कराते है।
7. वन बाढ़ों की तीव्रता को कम करते है।
8. मरूस्थलीकरण को रोकते है।
9. जड़ी बूटियां व अन्य उपयोगी सामग्री प्राप्त होती है।

**उपरोक्त से किन्ही 6 बिन्दु लिखकर संक्षिप्त वर्णन पर 6 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 18. सन् 1960 में इंटरनेट की खोज की गई जिसके कारण सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अभूतपूर्व क्रांति हुई। इंटरनेट कंप्यूटर नेटवर्किंग का विशाल संग्रह है। इंटरनेट ने पूरी दुनिया को छोटा बना दिया है। यह लाखों लोगों के रोजगार का और व्यापार का माध्यम है। इसका उपयोग उद्योग, व्यवसाय, व्यापार, चिकित्सा आदि विविध क्षेत्रों में किया जाता है। विभिन्न गुणों के कारण इंटरनेट आधुनिक युग का सबसे बड़ा अविष्कार माना गया है।

**उपरोक्तानुसार विस्तार से लिखने पर कुल 6 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

भारत के विदेशी व्यापार की विशेषताएं निम्नलिखित है :–

1. विश्व व्यापार में घटता भाग।
2. निरंतर घाटे का व्यापार।
3. निर्यात में परंपरागत वस्तुओं की प्रधानता।
4. विशिष्ट वस्तुओं का आयात।
5. अनेक देशों से व्यापार।
6. व्यापार में समुद्री मार्ग का वर्चस्व।
7. भारत में निर्यात व्यापार की दिशा में परिवर्तन।
8. तैयार माल के आयात में वृद्धि तथा कच्चे माल के आयात में कमी।

**उपरोक्त से किन्ही 6 बिन्दु लिखकर संक्षिप्त वर्णन पर 6 अंक प्राप्त होंगे।**

– – – – –